चीनी के उत्पादन में कमी

1613. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खाद्य मंत्रालय के उपेक्षापूर्वक रवैये के कारण चीनी के उत्पादन में कमी हो रही है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में किए गए प्रयासों के बावजूद चीनी के उत्पादन में गिरावट के क्या कारण है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान चीनी का प्रतिवर्ष उत्पादन राज्य-वार कितना कितना हुआ ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) जी, नही ।

(ख) चीनी के उत्पादन में कमी के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं :—

(1) गन्ने की खेती के क्षेत्र का कम होना तथा जिसके परिणामस्वरूप गन्ने के उत्पादन में कमी ।

(2) 1992-93 के दौरान देश के कुछ भागों में सूखा पड़ना और 1993-94 के लिए गन्ने की बुआई पर इसका विपरीत असर ।

(3) गुड़ और खांडसारी क्षेत्रों की ओर गन्ने का अत्याधिक विपथन ।

(ग) अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण में दी गई है ।

विवरण

1990-91, 1991-92 और 1992-93 के चीनी मौसमों के दौरान चीनी के राज्य-वार उत्पादन को बताने वाला विवरण

(हजार मी० टन में)

क्रम सं०	राज्य का नाम	चीनी का उत्पादन		
		1990-91	1991-92	1992-93
1	उत्तर प्रदेश	2975	3653	2857
2	बिहार	415	462	327
3	असम	9	9	8
4	पंजाब	275	384	409
5	हरियाणा	375	489	345
6	पश्चिम बंगाल	3	6	4
7	उड़ीसा	23	37	33
8	मध्य प्रदेश	103	128	60
9	राजस्थान	24	38	24
10	महाराष्ट्र	4118	4219	3360
11	गुजरात	832	753	751
12	आन्ध्र प्रदेश	701	843	540
13	कर्नाटक	942	1032	848
14	तमिलनाडु	1183	1264	976
15	केरल	9	9	6
16	पांडिचेरी	48	63	45
17	नागालैण्ड	4	4	3
18	गोवा	8	18	13
	अखिल भारत :	12047	13411	10609